# राज्य स्तरीय आकलन 2018–19
# कक्षा–07
# विषय – सामाजिक विज्ञान
# (आदर्श उत्तर)

समय – 02:30 घंटे | पूर्णांक –100

निर्देश :– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

उत्तर 1. (अ) (2 × 5 = 10 अंक)

(i) जागीरदारों में असंतोष बढ़ने लगा।
(ii) अचानक हमला कर पहाड़ियों में छुप जाना।
(iii) भूमध्यरेखा के आसपास।
(iv) सभी लोगों के हित के लिए।
(v) हमारे जैसे ही मानव।

उत्तर 1. (ब) (2 × 5 = 10 अंक)


| | | |
|---|---|---|
| 1. छत्रपति | – | उपाधि |
| 2. इंटरनेट | – | दूरदर्शन |
| 3. प्रेअरी | – | घास का मैदान |
| 4. ट्रांस जेण्डर | – | समान व्यवहार |
| 5. ऋतु प्रवास | – | संग्रहण |

उत्तर 2. वेल्ड घास का मैदान होने के कारण यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय भेड़ पालन है। भेड़ो से ऊन प्राप्त होता है। इसी कारण वेल्ड में ऊनी उद्योग विकसित हुआ है।

उत्तर 3. मनसबदारों का समय–समय में तबादला कर दिया जाता, ताकि के स्थानीय लोगों से मिलकर बादशाह के विरूद्ध विद्रोह न करें। साथ ही अकबर ने ऐसी व्यवस्था बनाई कि कोई भी अधिकारी मनमानी न करें और सभी लोग बादशाह की आज्ञा का पालन करें।

उत्तर 4. **(i)** यह अफ्रीका महाद्वीप का नक्शा है।

**(ii)** कर्क रेखा





उत्तर 5. छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चार लोक गायिका निम्नलिखित हैंः–

(i) तीजन बाई
(ii) ऋतु वर्मा
(iii) ममता चन्द्राकर
(iv) छाया चन्द्राकर

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर चार अंक दिये जाये)

उत्तर 6. 'चिनूक' और लू दोनों गर्म पवन है, लेकिन चिनूक उत्तरी अमेरिका का पवन है जबकि लू भारत का। चिनूक लाभदायक है लेकिन लू हानिकारक है। चिनूक शीत ऋतु में बहती है जबकि लू ग्रीष्म ऋतु में बहने वाली हवा है। चिनूक के कारण हरियाली आती है जबकि लू के कारण पेड़ पौधे सूख जाते है।

उत्तर 7.




**उत्तर 8.** ट्रांस जेण्डर या थर्ड जेण्डर के जीवन में कई कठिनाईयाँ आती है–

1. ऐसे लोगों की अक्सर समाज में उपेक्षा की जाती है।
2. लोग उन पर हँसते है, उन्हें छेड़ते हैं।
3. लोग उन पर गंदी बाते करते हैं।
4. कभी–कभी इनके माता–पिता या रिश्तेदार भी उन्हें अपनाने से मना कर देते है।
5. वे बड़ी कठिनाई से अपना जीवन यापन करते हैं।
6. कभी–कभी सबकी बुरे व्यवहार के कारण ये आत्महत्या भी कर लेते है।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखने पर अंक दिये जायें)

**उत्तर 9.** शिवाजी ने पहले छोटे–छोटे मराठा जमींदारों को हराया। फिर बीजापुर के सेनापति अफजल खॉ को मारा। औरंगजेब ने शिवाजी को बंदी बनाया लेकिन अपनी बुद्धिमता से वे कारागृह से बाहर आकर फिर से मुगलों से युद्ध प्रारंभ किया। मुगल सेना से लड़ने का उनका तरीका अनोखा था। वह मुगलों से सीधा युद्ध न करके उन पर अचानक तेजी से हमला करते और नुकसान पहुँचाकर वापस पहाड़ी किलों में छुप जाते थे। इस तरह वह मुगलों को पराजित करने में सफल हुए।

**उत्तर 10.** वर्तमान में महिलाओं एवं लड़कियों को पढ़ने तथा स्कूल जाने का अधिकार है। अन्य क्षेत्र भी जैसे कानून में सुधार, हिंसा और स्वास्थ्य जहाँ लड़कियाँ एवं महिलाओं की

स्थिति बेहतर हुई है। औरतों ने व्यक्तिगत स्तर पर और आपस में मिलकर इन परिवर्तनों के लिए संघर्ष किए। इन संघर्षो को महिला आंदोलन कहा जाता है।

**उत्तर 11.** अकबर की तरह ही वर्तमान शासन व्यवस्था में पूरे देश को प्रदेश में बाँटा गया है। प्रत्येक प्रांत को जिलों में बाँटा गया है और प्रत्येक जिला बहुत से तहसीलों में विभाजित है। कई गाँव मिलकर एक तहसील बना है। वर्तमान में विकास खंडों की भी रचना है। सरकार द्वारा केन्द्र से लेकर तहसील एवं विकास खंडों तक अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

उत्तर 12




यह बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ योजना का प्रतीक चिन्ह है। इस योजना की शुरूवात भारत सरकार द्वारा की गई है। इससे संदेश दिया गया है कि हमें लड़कियों को बचाना और शिक्षित करना चाहिए। हमें महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। लड़कियों को गुणतापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहिए। छोटी बच्ची की सुरक्षा को पक्का करना चाहिए। लड़कियों को बचाने एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए इस योजना की शुरूवात की गयी है।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखने पर अंक दिये जायें)

उत्तर 13. संचार के विभिन्न साधनों के अंतर्गत समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट आदि है। (बच्चों द्वारा किन्हीं दो का चित्र बनाकर वर्णन किया जायेगा)

1. समाचार पत्रों में केवल सूचना ही नहीं अपितु खेल, मनोरंजन, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य, धर्म आदि के बारे में खबरे होती है।

2. रेडियों का उपयोग खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलता है। यह मनोरंजन के साथ–साथ देश–विदेश की समाचारों का प्रसारण भी किया जाता है।
3. टेलीविजन हमारे मनोरंजन के साथ देश–विदेश के खबरों का प्रसारण त्वरित किया जाता है।
4. आज के युग में इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर में केबल सूचना एवं परस्पर समीपता ही नहीं मिलती, अपितु इनसे हमारा जीवन सुखमय भी बन गया है।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखने पर अंक दिये जायें)

उत्तर 14.

मुगलकाल में छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ का आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ के गाँव–गाँव में कबीर पंथ का प्रचार हुआ, जिससे यहाँ का जन जीवन प्रभावित हुआ। रायपुर बिलासपुर मार्ग पर रायपुर से 55 किलोमीटर दूर स्थित दामाखेड़ा कबीर पंथियों का प्रमुख स्थल है। इस समय कल्चुरियों के शासन काल में छत्तीसगढ़ में देवी पूजा (शक्ति पूजा) प्रारंभ हुई जो पूरे राज्य में फैल गई ब्राह्मणों का इसमें विशेष योगदान था वे राजगुरू, ज्योतिषी, तांत्रिक एवं पुरोहित थे। महामाया (रतनपुर) के अतिरिक्त बम्लेश्वरी देवी (डोगरगढ़) और दंतेश्वरी देवी (दंतेवाड़ा) शक्ति पुजा एवं राजीव लोचन (राजिम), दुधाधारी मंदिर, रायपुर श्रद्धा केन्द्र के रूप में स्थापित हुए। गांवो में मातादेवाला का विशिष्ट महत्व रहा है। इसी काल में छत्तीसगढ़ में गोपाल मिश्र जैसे भक्त कवि हुए जिन्होंने सभी धर्मो का आदर करना सिखाया।

उत्तर 15.

1. भूमध्य रेखा
2. अमेजन नदी
3. अर्जेटिना
4. मकर रेखा
5. कोलंबिया


कोलम्बिया
अमेजन नदी
भूमध्य रेखा
मकर रेखा
अर्जेंटिना